हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 22 मई 2025

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

11 इस साल की बारिश में भी थोक सब्जी मंडी परिसर में ...

12 रेत माफियाओं ने महानदी की गहराई तक खुदाई की,...




## खबर संक्षेप

### मौखिक परीक्षा 26 को

**धमतरी।** पीजी कालेज में एलएलबी भाग तीन सेमेस्टर व्दितीय की मौखिक परीक्षा 26 मई को प्रातः 10:30 बजे विधि संकाय में होगी। परीक्षार्थी निर्धारित ड्रेस कोड में प्रायोगिक फाइल साथ उपस्थित होंगे।

### मरौद में टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा आज से

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्रामवासियों एवं किंग्स इलेवन क्लब के तत्वावधान में ग्राम मरौद के मिनी स्टेडियम में ग्रामीण स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 22 मई से शुरू होने जा रही है। प्रथम पुरस्कार 10000 रूपए, द्वितीय पुरस्कार 6000 रुपए, तृतीय पुरस्कार 3000 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 1000 रुपए के साथ मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बॉलर, बेस्ट फील्डर, फाइनल में हैट्रिक सिक्स, हैट्रिक विकेट, मेडन ओवर, बेस्ट दर्शक पर आकर्षक पुरस्कार दिया जाएग। प्रवेश शुल्क 301 रुपए है। यह जानकारी शिवमपुरी गोस्वामी ने दी है।

### आठवीं पास युवा लेंगे सुरक्षा गार्ड का प्रशिक्षण

**धमतरी।** जिला प्रशासन द्वारा युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण और कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिले के आठवीं पास युवाओं को सुरक्षा गार्ड का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 27 मई तक आवेदन जमा किया जा सकता है। लाईवलीहुड कॉलेज के सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि 18 से 45 साल तक की आयु के न्यूनतम 5 फीट 6 इंच ऊंचाई वाले युवकों के लिए लाईवलीहुड कॉलेज में सुरक्षा गार्ड का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत आयोजित इस प्रशिक्षण के लिए इच्छुक युवा सुबह 10 से शाम साढ़े 5 बजे तक सिविल कोर्ट के पास स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में आवेदन जमा कर सकते हैं ।

### व्यवसाय के लिए मिलेगा ऋण

**धमतरी।** जिले के अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को किराना, फैंसी, साइकिल स्टोर्स, बढ़ई काम, फर्नीचर जैसे व्यवसाय करने के लिए बैंक के माध्यम से ऋण दिया जाएगा। इसके साथ ही अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा पात्रता अनुसार ऋण राशि का 50 प्रतिशत या अधिकतम 10 हजार रूपये अनुदान राशि दी जाएगी। ऋण राशि की सीमा नहीं हैं। स्वरोजगार स्थापित करने के जिले के इच्छुक युवा 30 जून तक आवेदन कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 48 स्थित जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति में जमा कर सकते हैं।

मरम्मत के लिए 6 करोड़ के 2 टेंडर जारी, एक में काम शुरू पर गति सुस्त

# फिर जर्जर नहरों से पहुंचेगा खेतों तक पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

इस साल फिर जर्जर नहर से खेतों तक पानी पहुंचेगा। जल संसाधन विभाग ने महानदी मुख्य नहर की मरम्मत के लिए 6 करोड़ रुपए का टेंडर जारी किया है लेकिन अब तक ढंग से काम शुरू नहीं हो पाया है। ऐसे में पानी के बर्बाद होने और नहरों के ब्रेक होने का खतरा बना हुआ है।

महानदी मुख्य नहर को अंचल की जीवन रेखा कहे तो कोई अतिशंयोक्ति नहीं होगी। यहां से हजारों हेक्टेयर खेतों को पानी दिया जाता है। पानी केवल धमतरी जिले तक सीमित नहीं है, बल्कि रायपुर, दुर्ग, बालोद से लेकर बलौदाबाजार तक महानदी मुख्य नहर से सिंचाई और पेयजल के लिए पानी सप्लाई की जाती है। विडंबना यह है कि नहर बनने के बाद इसके मेंटनेंस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया। 40 साल से लगातार पानी चलते रहने के कारण यह नहर कदम-कदम पर डैमेज हो गई है। रूद्री से लेकर शंकरदाह तक ही 100 से ज्यादा स्थानों पर नहर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त है। इस साल शंकरदाह के पास मरम्मत का काम चल रहा है। काम में लेट लतीफी के चलते इस साल फिर इसी जर्जर नहर से किसानों के खेतों तक पानी जाएगा। नहर के जगह- जगह पर डैमेज होने के कारण पानी तो बर्बाद होगा ही साथ में नहर के ब्रेक होने का खतरा भी बना हुआ है। यदि नहर ब्रेक होता है तो इसका खामियाजा किसानों को भुगतना होगा। उल्लेखनीय है कि केवल महानदी मुख्य नहर ही डैमेज नहीं है, बल्कि महानदी प्रदायक नहर इससे ज्यादा खराब है। इसके अतिरिक्त अन्य सहायक नहरों की स्थिति भी खराब है।

### रबी सीजन में ज्यादा डैमेज

महानदी मुख्य नहर सहित अन्य नहरों को खरीफ सीजन में पानी देने के लिए बनाया गया था। इसका डिजाइन भी इसी हिसाब से है। गंगरेल बांध में पर्याप्त होने और राजनीतिक लाभ के लिए किसानों को रिझाने के लिए गर्मी के मौसम में भी रबी फसल में धान के लिए पानी देना शुरू कर दिया गया। गर्मी में धूप के कारण मिट्टी सूखकर भुरभुरी हो जाती है, जिस पर पानी चलने से नहर का कटाव भी तेजी से होता है। जबकि बारिश में पहले से मिट्टी में नमी रहती है, इस कारण कटाव भी कम होता है। राहत की बात है कि पिछले कुछ सालों से रबी में पानी देना कम किया गया है।




### 6 करोड़ से मरम्मत शुरू

उपेक्षा का दंश झेल रही महानदी मुख्य नहर की अब जाकर सुध ली गई। नहर की मरम्मत के लिए 6 करोड़ रुपए का टेंडर जारी किया गया है। इसमें से 390 मीटर से लेकर 10 हजार मीटर तक मरम्मत कार्य के लिए 4 करोड़ रुपए का टेंडर दिया गया है। यह काम चालू है। दूसरा 10 हजार मीटर से 15 हजार मीटर तक मरम्मत के लिए 2 करोड़ का टेंडर निकाला गया है। पहली बार में काम लेने के लिए ठेकेदार सामने नहीं आए। केवल एक ठेकेदार का टेंडर आया था, जिसके चलते टेंडर जारी नहीं किया गया। अब फिर से टेंडर जारी किया गया है। 31 मई को टेंडर खोला जाएगा, तब इस काम को लेकर स्थिति स्पष्ट होगी।

### कछुए की गति से काम

महानदी मुख्य नहर का कोई विकल्प नहीं है। अति आवश्यक जरुरतों के लिए नहर से पानी देना बंद नहीं किया जा सकता है। यही कारण है कि मरम्मत के काम में काफी विलंब लग रहा है। जरूरत पड़ने पर नहर से पानी छोड़ा जाता है। इस दौरान मरम्मत कार्य पूरी तरह से बंद हो जाता है। पानी बंद करने के बाद नहर में जाम पानी को बाहर निकालने और नहर से सूखा करने में समय लग जाता है। उल्लेखनीय है कि 390 मीटर से 10 हजार मीटर तक डैमेज रिपेयर के लिए जनवरी माह में काम शुरू किया गया था। ऐसी ही समस्याओं के चलते काम करने में विलंब हो रहा है। इसी गति से काम चलता रहा तो 3 साल में भी नहर की पूरी मरम्मत नहीं हो पाएगी।

# मृत्युपरांत मेडिकल कालेज को किया देहदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बुजुर्ग महिला की मृत्यु के बाद परिजनों ने मेडिकल कालेज को देहदान कर उनकी अंतिम इच्छा को पूरा किया है।



स्थानीय रिसाईपारा निवासी लक्ष्मीदेवी पंजाबी पति नानकराम पंजाबी का बुधवार को 75 वर्ष की आयु में मसीही अस्पताल में निधन हो गया। उनका देहदान परिजनों ने बढ़ते कदम संस्था रायपुर के सहयोग से रावतपुरा सरकार मेडिकल कालेज रायपुर को बच्चों के मेडिकल शिक्षा के लिये किया। मृतिका की अंतिम इच्छा मृत्यु के बाद देहदान करने की थी। उसकी अंतिम इच्छा को परिवारजनों द्वारा पूरा किया गया। निवास स्थान में अंतिम दर्शन के बाद उनका शरीर रावतपुरा सरकार मेडिकल कालेज रायपुर भेजा गया। पुत्र अजय पंजाबी व विजय पंजाबी ने कंधा देकर उन्हें अंतिम विदाई दी।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

नगरी की घटना युवती के साहस को हर कोई कर रहा सलाम

# कुएं में डूब रही बच्ची को युवती ने दिया नया जीवन




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

खेलते-खेलते घर के कुएं में गिरकर पानी में डूब रही बच्ची को बचाकर मेहमान युवती ने उसे नया जीवन दिया है।

नपं नगरी के वार्ड क्रमांक 15 दंतेश्वरीपारा निवासी दीनबंधु पटेल की 9 वर्षीय हर्षिता पटेल मंगलवार को अपने छोटे भाई दिव्यांशु पटेल उम्र 5 वर्ष के साथ घर में खेल रही थी। खेलते खेलते दोनों भाई बहन घर की बाड़ी की तरफ चले गए। इस दौरान मां यामिनी पटेल घर में काम कर रही थी। बाड़ी में सिंचाई के लिए कच्चा कुआं है। खेलते समय बच्ची अचानक गहरे कुएं में गिर गई। कुआं में लगभग 6 फीट पानी भरा हुआ है। कुएं में गिरने की आवाज सुनकर यामिनी पटेल दौड़कर बाड़ी में पहुंची। दिव्यांशु ने हर्षिता के कुएं में गिर जाने की जानकारी दी। महिला ने मदद के लिए आसपास के लोगों को आवाज लगाई। उनके परिवार में मेहमान आई उसकी बहू की बहन किरण पटेल उम्र 25 वर्ष ग्राम चिंदरौद महासमुंद निवासी बाड़ी में पहुंची। युवती ने साहस का परिचय देते हुए कुएं में लगे मोटरपंप के पाइप के माध्यम से पानी में उतर गई। गहरे पानी के कीचड़ में दब चुकी हर्षिता की हाथ व पैर की मदद से तलाश कर उसे पानी के ऊपर लाने में सफल रही। तब तक आसपास के लोग भी पहुंच गए। लोगों ने चारपाई को रस्सी से बांधकर कुआं में उतारा। युवती चारपाई में बच्ची के साथ बैठ गई जिसे लोगों ने खींचकर उपर निकाल लिया। इस दौरान बच्ची बेहोश हो चुकी थी तथा काफी मात्रा में पानी पी लिया था। बच्ची को तत्काल उपचार के लिए नगरी अस्पताल ले गए। जहां से रिफर करने पर मंगलवार को ही बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बच्ची अब बातचीत करने की स्थिति में है। उसके स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो रहा है। अगर युवती ने बहादुरी नहीं दिखाई होती तो बच्ची का बच पानी मुश्किल था। युवती के साहस की प्रशंसा की जा रही है।

### जान बचाने की आत्मिक खुशी है : किरण

किरण पटेल ने फोन पर बताया कि घटना की जानकारी होने ही वह बाड़ी में पहुंच कुआं में लगे मोटरपंप के पाइप के सहारे 25 से 30 फीट गहरे कुएं में उतरी। पैर के सहारे बच्ची की मिट्टी में तलाश कर उसे पानी से ऊपर ले आई। दोनों का पाइप के सहारे ऊपर चढ़ पाना संभव नहीं था। ऊपर मौजूद लोगों ने चारपाई को कुआं में उतारा जिसमें बैठकर दोनों ऊपर आ गए। बच्ची की जान बचा लेने की उसे आत्मिक खुशी है।

# सर्व सेन समाज की बैठक 24 को

**धमतरी।** सर्व सेन समाज की बैठक 24 मई शनिवार को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चंदापारी सेन भवन आमातालाब रोड रामनगर धमतरी में रखी गई है जिसमें प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। जिला स्तरीय सामाजिक विषयों पर चर्चा कर अहम निर्णय लिया जाएगा। जिलाध्यक्ष धनसिंह सेन एवं सचिव भगवानी राम शांडिल्य ने समाजजनों से उपस्थित होने की अपील की है।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह जून 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 जून से 30 जून तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 मई 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर


कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ________ मो.नं. ________
पिता का नाम ________ जन्मतिथि ________
स्थान ________ जिला ________
एजेंसी का नाम ________
एजेंसी का पता ________ मो.नं. ________
नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।
हरिभूमि
ग्राहक प्रति
जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ________ मो.नं. ________
पिता का नाम ________ जन्मतिथि ________
स्थान ________ जिला ________
एजेंसी का नाम ________
एजेंसी का पता ________ मो.नं. ________

खरीदी केंद्रों में मैनेजमेंट और परिवहन व्यवस्था अच्छी रही

# धान खरीदी में धमतरी जीरो शार्टेज वाला जिला बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धमतरी जिला एक बार फिर बेहतर परफार्मेंस देकर धान खरीदी में जीरो शार्टेज वाला जिला बन गया है। परिवहन मैनेजमेंट के चलते खरीदी समाप्त होने के 15 दिन के भीतर अधिकांश धान का उठाव कर लिया गया था। यही कारण है कि सभी 100 खरीदी केंद्रों में जीरो शार्टेज आया है।

जनवरी माह की 31 तारीख को धान खरीदी का पैकअप हुआ। खरीदी केंद्रों में कुल मिलाकर 61 लाख 98 हजार धान की खरीदी की गई है। जिले के 1 लाख 23 हजार 764 किसानों ने धान बेचा था। खरीदी समाप्त होने के 15 दिन बाद अधिकांश धान का उठाव कर लिया गया था। केवल 15 से 20 हजार क्विंटल धान खरीदी केंद्रों में बचा था। उसका उठाव भी जल्दी कर लिया गया। खरीदी केंद्रों में मैनेजमेंट और परिवहन व्यवस्था अच्छी होने के कारण इस साल भी जिले में जीरो शार्टेज आया है। विडंबना यह है कि जीरो शार्टेज को लेकर इस साल सोसाइटी के कर्मचारियों में ज्यादा उत्साह नहीं है। इस साल जीरो शार्टेज पर प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान ही नहीं किया है। यही नहीं पिछले साल की खरीदी की प्रोत्साहन राशि भी सोसाइटियों को नहीं दी गई है।


फाइल फोटो

### डर और दबाव से आता है जीरो शार्टेज

जीरो शार्टेज आना हकीकत में संभव नहीं है। धूप में धान कुछ न कुछ सूख जाता है। समितियों पर जीरो शार्टेज के लिए प्रेशर है। शार्टेज आने पर कई समिति प्रबंधकों पर कार्रवाई भी हुई है। एक प्रबंधक को तो जेल भी भेज दिया गया है। इसी डर से समितियों में जीरो शार्टेज के लिए भरपूर प्रयास किया जाता है। कमी को पूरा करने के लिए गुपचुप तरीके से बाहर से धान खरीदकर शासन को दिया जाता है। इससे समिति शासन की कार्रवाई से बच जाती है। यही नहीं कई प्रकार के आर्थिक नुकसान से भी समितियां बच जाती हैं।

## खबर संक्षेप



### मिट्टी के बर्तन बनाने के बारे में दी जानकारी

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गूकोंदल में जिला स्तरीय समर कैम्प 7 मई से चलाया जा रहा है। समर कैम्प में 21 मई को माखन लाल प्रजापति और नारद प्रजापति के द्वारा मिट्टी से बहुत सारी जरूरत के वस्तुएं जैसे दिये, मटका, पानी बॉटल, नादिया बैल, पोला, गमला, गुलदस्ता गमला, गुल्लट, आदि बनाया गया। विद्यार्थियों को भी बनाने का प्रशिक्षण दिया गया व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी सीखा। इस मौके पर एबीओ अंजनी मंडावी, शैलेंद्री मरकाम, मनीष गौतम, डॉ. धनाजु राम नरेटी, हरीश नागराज, राजेश कुर्रे, पंकज निषाद व शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### डूबने से युवक ग्रामीण की मौत

**कांकेर।** दुधावा चौकी अंतर्गत सरोना निवासी 45 वर्षीय देवेंद्र साहू का पानी में डूबने से मौत हो गई। सरोना निवासी अनिल गजपाल ने पुलिस को बताया कि मृतक 20 मई को पानी में डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### ग्रामीण ने लगाई फांसी, हुई मौत

**कांकेर।** कोरर थाना क्षेत्र के 70 वर्षीय तुलिया राम जैन ने अपने घर से कुछ ही दूरी पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। तालाकुर्रा निवासी विष्णुराम जैन ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 19 मई को अपने घर से कुछ दूर गौठान के पास फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक ने फांसी क्यो लगाया यह अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

सिंचाई विभाग ने लगाया जुर्माना, नहर नाली को फिर से बनाने की बात कही

# निजी भवन निर्माण के लिए ग्रामीण ने नहर नाली में बनाया रास्ता





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

सोंढूर डैम की मुख्य नाली से छोटी नहर के माध्यम से गांव के लिए पानी छोड़ा जाता है। सहायक नहर नाली के मध्यम से गांवों के तालाबों में पानी भरा जाता है। बेलर ब्लाक में निजी भवन बनाने के लिए एक व्यक्ति द्वारा सिंचाई नहर नाली में रास्ता बनाने का मामला सामने आया है।

उल्लेखनीय है कि सिंचाई विभाग द्वारा खेतों में सिंचाई करने के लिए नहर नाली का विस्तार किया गया है। इसका उपयोग गर्मी के दिनों में तालाबों में पानी भरने के लिए किया जाता है। एक व्यक्ति द्वारा खेतों के बीच भवन निर्माण कराया जा रहा है साथ ही आसपास खेतों में फसल लगी हुई थी जिसके कारण उसे सामग्री लाने रास्ते नहीं मिला तो उस व्यक्ति ने विभाग से बिना एनओसी लिए नहर नाली में करीब 100-150 मीटर में मुरूम डालकर उसे पाट दिया है। एक व्यक्ति द्वारा निजी भवन बनाने के लिए सिंचाई नहर नाली में रास्ता बना लिया है।

वहीं कुछ लोगों का कहना है कि उस व्यक्ति ने निजी जमीन पर निर्माण कार्य करने के लिए सरकारी जमीन का उपयोग किया है। वहीं कुछ लोगों ने कहा कि एक व्यक्ति बिना एनओसी के इस तरह से सरकारी संपत्ति पर रास्ता का निर्माण सामग्री लाने के लिए कर रहा है। कार्रवाई नहीं होने से हर व्यक्ति का हौसला धीरे-धीरे बुलंद होते दिखाई देगा और निजी स्वार्थ के लिए इस तरह कार्य करने में हमेशा दिखाई देगा। बेलर ब्लाक में सिंचाई नहर नाली के इस मामले में कर्मचारियों की उदासीनता सामने आई है। मिलीभगत की संभावना भी दिखाई दे रही है। इस मामले पर अमीन पटवारी ने बताया कि कागजीय कार्रवाई कर उच्च अधिकारी जानकारी को सौंप दिया गया है। आगे की कार्रवाई की उच्च अधिकारी द्वारा की जाएगी। वहीं अनुविभागीय अधिकारी ने बताया कि उस पर कार्रवाई की गई है। उसे नहर नाली को पुनः बना कर देने की बात कही गई है। वहीं निजी भवन निर्माण व्यक्ति से प्रतिनिधि द्वारा बात करने पर उसने बताया कि सिंचाई विभाग ने मुझ पर जुर्माना लगाया है। भवन निर्माण के बाद नहर नाली का पुनः निर्माण कर देने की बात कही है।

# सुशासन तिहार में 1908 आवेदन मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

नगर पंचायत मगरलोड भैसमुंडी में 19 मई को सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर आयोजित किया गया। नगर पंचायत द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक सुशासन तिहार में कुल 1908 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 942 आवेदन अन्य विभाग के थे जिसे निराकरण हेतु अन्य विभागों को प्रेषित किया गया। निकाय क्षेत्रान्तर्गत कुल 966 आवेदनों का निराकरण किया जाना था जिसमें 963 आवेदन का निराकरण किया गया जो प्रधानमंत्री आवास, उज्वला योजना, राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, निर्माण कार्य, अतिक्रमण, महतारी वंदन योजना, कृषि भूमिहीन योजना, स्वच्छता से संबंधित थे।

शिविर में नगर पंचायत अध्यक्ष लीलेश सुरेश साहू, उपाध्यक्ष रूक्मणि तोरण सिन्हा, पार्षद यादराम गायकवाड़, हिरवानी ठाकुर, अशोक साहू, चेतन बिंझेकर, सीएमओ अशोक कुमार चौहान, कर्मचारी विशाल कोसले, उज्वल निषाद सहित अनेक नगरवासी उपस्थित थे।



# रावनगुड़ा में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

ग्राम पंचायत बकली के आश्रित ग्राम रावनगुड़ा के साहूपारा में सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन सरपंच दीपक साहू द्वारा किया गया। मौके पर सचिव महेन्द्र साहू, भोजकुमार साहू पंच, योगेन्द्र तारक पंच, धनेन्द्र साहू पंच, नूनकरण पंच, सुरीत राम साहू ग्राम पटेला, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि नारायण यादव समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# युवाओं को रोजगार से जोड़ने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

गोंड़वाना समाज युवा प्रभाग द्वारा स्वरोजगार शिविर का आयोजन गोंडवाना भवन नगरी में किया गया। विद्यार्थियों को रोजगार के बारे में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश गया। 35 बेरोजगार युवकों ने कौशल व रोजगार प्रशिक्षण के लिए पंजीयन कराया। शिविर में उद्यमी संजू नेताम ने स्वरोजगार, विभिन्न योजनाओं एवं ऋण प्रकरण के आवेदन की जानकारी दिए।

इस अवसर पर प्रमोद कुंजाम, वेदप्रकाश मंडावी, पोखन नेताम, राजेश मरकाम, रोहित कोमरे, सुभाष शोरी, रमेश गोटा, अजय मरकाम, मनीष नेताम, निर्जन नेताम, दानेश्वर शोरी, लोकनाथ नेताम, आत्माराम मरकाम, नारद मंडावी, तरुण समरथ, कार्तिक नेताम, भानु कुंजाम, गोपेश नेताम, मधु नेताम, रूक्मणी शोरी, पूजा कुंजाम, लोकेश्वरी, दुर्गा, परमेश्वरि, रेशमी, कमलेश्वरी, उमा नेताम, कमलेश मरकाम, किशोर, लगेश उपस्थित थे।



# सिलीडीह में आंगनबाड़ी केंद्र का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

ग्राम सिलीडीह में सरपंच, उपसरपंच, सचिव एवं गणमान्य नागरिकों ने नए आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-02 का पूजापाठ कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी के बच्चे, कार्यकर्ता तथा सहायिका उपस्थित थी।

# नवागांव में जमीन विवाद : झूठी शिकायत करने वाले एक परिवार पर कार्रवाई की मांग

- ग्रामीणों ने एसडीएम, एसडीओपी एवं कुरूद थाने को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

सरपंच के साथ दर्जनों ग्रामीणों ने राजस्व एवं पुलिस अफसरों को ज्ञापन सौंपकर पंचायत एवं ग्रामीण समिति के काम में हस्तक्षेप कर झूठी शिकायत करने वाले एक परिवार के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

सोमवार को ग्रामीण एसडीएम, एसडीओपी एवं कुरूद थाने में मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू के साथ ज्ञापन सौंपने पहुंचे। सरपंच टिकेश साहू, सुखचैन कंवर, योगेश्वर चंद्राकर, रमेश साहू, दीपक, गैंदसिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत नवागांव में एक पुराने जमीन विवाद को लेकर बृज साहू और उसकी पत्नी मोतिमबाई द्वारा लगातार ग्रामीण समिति और सरपंच के खिलाफ शिकायत की जा रही है। एक बैठक में जमीन विवाद का समझौता हुआ था, लेकिन बृज साहू द्वारा थाना, तहसील और एसडीओपी कार्यालय में शिकायत की गई। जांच टीम पहुंची तो शिकायतकर्ता अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि मकान निर्माण कर रही दीपा साहू की दीवार भी तोड़ दी गई। इससे नाराज होकर बड़ी संख्या में ग्रामीण थाना कुरूद पहुंचे और प्रशासन से उचित जांच और कार्रवाई की मांग की है ताकि गांव का माहौल शांतिपूर्ण बना रहे।



इधर बृजराम साहू ने तहसीलदार कुरुद को सौंपे आवेदन में कहा कि उन्हें वर्ष 2001 और 2017 में शासन द्वारा खसरा नंबर 151, 55 में 171 वर्ग मीटर का आबादी पट्टा आवंटित किया गया है जहां पर उसका मकान बना है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरपंच टिकेश साहू और कुछ अन्य लोग व्यक्तिगत रंजिश के चलते कई महीनों से उन्हें और उनकी पत्नी मोतिमबाई को डरा-धमका रहे हैं। यही नहीं सरपंच ने उनके मकान को तोड़ने की धमकी दी और कुछ हिस्सों को तोड़ना भी शुरू कर दिया है।

### बीमा के लिए खाताधारक खाते में पर्याप्त बैलेंस रखें

**मगरलोड।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायपुर अन्तर्गत धमतरी जिले के खाताधारकों के खाते से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा अंतर्गत रू. 436 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजनांतर्गत रू. 20 की कटौती कर बीमा कराया जा रहा है। इसमें बहुत से खाता धारकों के खाते में पर्याप्त बैलेन्स नहीं होने के कारण तथा खाता धारकों के द्वारा खाते का संचालन नहीं करने के कारण से उनके खातों से उक्त राशि की कटौती नहीं हो पा रही है। खाताधारकों से अपील की जाती है कि अपनी शाखा में सम्पर्क कर खाते में लेन-देन कर खातों को व्यवहार में लाएं एवं खातों में पर्याप्त बैलेंस रखें ताकि 25 मई से 31 मई के मध्य उक्त राशि की कटौती कर बीमा कराया जा सके। समयावधि में खाते में लेन देन नहीं करने एवं पर्याप्त बैलेंस नहीं रखने पर बीमा राशि की कटौती नहीं होगी। जिससे खाताधारकों को बीमा का लाभ प्राप्त नहीं होगा। यह जानकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मगरलोड ब्रांच मैनेजर सीबी साहू ने दी है।

# देश में संचार क्रांति राजीव गांधी की देन

- पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

स्थानीय कांग्रेस भवन में कांग्रेसियों ने भारतरत्न व पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजा-अर्चना की। विचार संगोष्ठी कर श्रद्धांजलि दी। कांग्रेसियों ने इस दिन को आंतकवाद विरोध दिवस के तौर पर मनाते हुए राजीव गांधी के देश के लिए योगदान को याद किया।

इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि इक्कीसवीं सदी के आधुनिक स्वप्नदृष्टा, सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री स्व. राजीव ने 18 साल में मताधिकार, शिक्षा का प्रसार, कम्प्यूटर युग की शुरूआत, विद्युतीकरण सहित अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं प्रारंभ की। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुश्री राजकुमारी दीवान ने कहा कि राजीव जी का अल्पायु में शहीद होना देश के लिए अपूरणीय क्षति है। पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष शारदा साहू ने कहा कि स्व. राजीव गांधी देश के विकास, एकता व अखंडता पर बहुत कार्य किए। पार्षद मनीष साहू ने कहा कि जब वे प्रधानमंत्री बने तो माता स्व. इंदिरा व भाई संजय गांधी के असामयिक मृत्यु से बहुत दुखी मन के बावजूद प्रधानमंत्री का पद संभाला। देश के सामने बहुत सारी चुनौती थी। उन्होंने देश को आगे ले जाने व भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने का प्रयास किया।



कार्यक्रम में पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रमेशर साहू, वरिष्ठ नेता प्रहलाद चंद्राकर, पूर्व प्रदेश सेवादल संयोजक रवि शर्मा,पार्षद उत्तम साहू, अर्जुन ध्रुव, पूर्व एल्डरमेन मनोज अग्रवाल, ब्लाक कांग्रेस कमेटी महामंत्री पप्पू राजपूत, कृष्ण कुमार साहू, संतोष प्रजापति, भागवत यादव, मुकेश यादव, हेमंत नवरंगे, उमेश साहू, टीकाराम ध्रुव, चोवाराम साहू, नरेंद्र पटेल सहित अनेक कांग्रेसी उपस्थित थे।

# चरमुड़िया में भागवत कथा का समापन आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डांडेसरा(धमतरी)

ग्रामवासियों के सहयोग से रेलवे स्टेशनपारा ग्राम चरमुड़िया में 15 से श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। कथावाचक आचार्य दीपेश शर्मा हैं। मंगलवार को रास लीला, गोवर्धन पूजा, बुधवार को सुदामा चरित्र, भागवत विश्राम एवं चढ़ौत्री हुई। मोक्षदायिनी की कथा में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। आज 22 मई गुरुवार को तुलसी वर्षा, हवन, सहस्त्रधारा, भव्य शोभायात्रा तथा भण्डारे के साथ भागवत कथा का समापन होगा। यह जानकारी डगेश्वर पटेल ने दी है।

# लड़की की मां ने लड़के की भाभी की ऊंगली तोड़ी

- प्रेम विवाह का मामला

**धमतरी।** बेटी द्वारा प्रेम विवाह कर लेने से नाराज मां ने युवक के घर पहुंच उसकी भाभी की ऊंगली तोड़ लड़की को भगाकर ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार स्थानीय लक्ष्मी निवास चौक गोकुलपुर निवासी रेशमी यादव पति दुर्गेश उम्र 21 वर्ष ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है कि उसके देवर धर्मेंद्र यादव ने ग्राम कोलियारी निवासी परसबती की पुत्री नीलम के साथ 19 मई को प्रेम विवाह कर अपने घर गोकुलपुर ले आया। दूसरे दिन 20 मई की शाम देवर की पत्नी की मां अपने रिश्तेदारों के साथ उसके घर के सामने आकर अपनी बेटी को भगाकर लाने की बात कहकर गाली-गलौज कर रही थी। मना करने पर परसबती ने मारपीट कर उसकी ऊंगली को मरोड़ दिया। घटना में रेशमी के दाहिने हाथ की मध्य ऊंगली टूट गई है। शिकायत पर कोतवाली थाना में आरोपिया के खिलाफ धारा 115/2, 117/2, 296 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

ग्रामीणों ने सैनिकों के साहस का किया सम्मान

# भाठागांव में निकाली गई तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर ग्राम पंचायत भाठागांव में पंचायत प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने भारतीय सेना द्वारा दिखाए गए अदम्य साहस और वीरता को नमन करते हुए तिरंगा यात्रा निकाली। छत्तीसगढ़ महतारी व भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना के पश्चात तिरंगा यात्रा निकाली गई। कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा हिंदुओं पर किए हमले व उनकी निर्मम हत्या के विरोध में देश के वीर सैनिकों ने आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। देश के वीर सैनिकों के अद्भुत साहस का सम्मान करते हुए तिरंगा यात्रा निकाली गई।




मौके पर हिमांशु साहू जनपद सदस्य, पुष्पलता साहू सरपंच भाठागांव, गितेश्वर साहू सचिव, वीणालक्ष्मी साहू रोजगार सहायक, रामनारायण साहू, सतीश साहू, पंचगण नरहर ध्रुव, शशि साहू, मोतिम निर्मलकर, संतोषी मानिकपुरी, अकलेश्वरी मानिकपुरी, दुलारी सेन, मालती साहू, योगमाया साहू ग्राम संगठन सचिव, लता साहू, झालेश्वरी पशु सखी, मोहनू कंडरा, परमानंद चंद्राकर, गोपाल साहू भृत्य, नरसिंग साहू समेत अन्य गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

**खबर संक्षेप**

## दुर्घटना में घायलों का इलाज होगा कैशलेस



**महासमुंद।** भाजपा के किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने कि सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को अब इलाज के लिए आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़ेगा। केंद्र सरकार ने इसकी व्यवस्था कर दी है। राजपत्र में प्रकाशन कर देशभर के राज्यों में इस निर्देश का पालन करने कहा गया है। घायलों का राज्यों के चुनिंदा अस्पतालों में इलाज किया जाएगा। इलाज कैशलेस होगा। राज्य सरकार इसके लिए अस्पतालों का चिन्हांकन करेगी और जरुरी दिशा निर्देश जारी करेगी। गजट प्रकाशन और दी गई सुविधाओं पर नजर डालें तो प्रत्येक घायलों को केंद्र सरकार द्वारा इलाज के लिए डेढ़ लाख रुपए का लिमिट तय कर दिया है।

## ड्यूटी में लापरवाही के कारण सहायक शिक्षक राहुल बैपारी निलंबित

**महासमुंद।** विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सरायपाली से प्राप्त जांच प्रतिवेदन के अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला गहनाखार में पदस्थ सहायक शिक्षक (एलबी) राहुल बैपारी के विरुद्ध लगे आरोप जांच में सही पाए गए हैं। सहायक शिक्षक बैपारी पर विद्यालय समय पर उपस्थित नहीं रहने, शाला में अनियमित रूप से आने तथा अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने के आरोप थे। जांच में यह पुष्टि हुई कि शिक्षक की कार्यप्रणाली छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-3 के विरुद्ध है। इस संबंध में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा उन्हें पूर्व में स्पष्टीकरण के लिए नोटिस भी जारी किया गया था, परंतु इसके बावजूद उनकी कार्यशैली में कोई सुधार नहीं देखा गया। जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद विजय कुमार लहरे ने प्राप्त तथ्यों के आधार पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के अंतर्गत राहुल बैपारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, सरायपाली निर्धारित किया गया है। नियमों के तहत निलंबन अवधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा।

## समस्याओं का समाधान कर रहे नपाध्यक्ष



**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू वार्डों का सतत भ्रमण कर नागरिकों की समस्याएं सुन रहे हैं। वार्ड क्रमांक 4,17 तथा 18 का भ्रमण कर पेयजल, सफाई, मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। वार्ड क्रमांक 4 में नयापारा के ऊपरी इलाके से पहुंच रही गंदा पानी फैलने की जानकारी नागरिकों ने उन्हें दी, जिस पर तत्काल कर्मचारियों को पानी निकासी की व्यवस्था बनाने निर्देश दिए। उन्होंने नागरिकों की मांगों व समस्याओं को गंभीरता से सुनकर समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, पार्षद नीरज चंद्राकर, पार्षद राहुल आवड़े आदि उपस्थित थे।

## समाधान शिविर में मिले 617 आवेदन

**कोयलीबेड़ा।** विकासखंड मुख्यालय कोयलीबेड़ा में सुशासन तयोहार समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सभी विभागों में अपना-अपना स्टाल लगाया। समाधान शिविर में सबसे पहले मुख्य अतिथि सांसद भोजराज नाग एवं विधायक विक्रम उसेंडी के द्वारा पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात इन सभी अतिथियों का पुल माला से स्वागत किया गया। उपस्थित ग्रामीण एवं आम जनता ने अपने-अपने समस्याओं का आवेदन सांसद व विधायक को अवगत कराते रहे। विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने मंच से अपने-अपने विभागों के आवेदनों की संख्या एवं उसके समाधान की बारी-बारी से जानकारी देते रहे। समाधान शिविर में कुल 617 आवेदन प्राप्त हुए।

### शेड, पार्किंग, बाउंड्रीवाल, पेयजल, सीसीटीवी कैमरा, चौकीदार की व्यवस्था तत्काल हो : व्यापारीगण

# इस साल की बारिश में भी थोक सब्जी मंडी परिसर में होगा दलदल, ग्राहक-व्यापारी भी होंगे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



थोक सब्जी मंडी परिसर श्यामतराई अपनी स्थापना के बाद से कई समस्याओं से जूझ रहा है। दुकान आवंटन के दस साल बाद भी परिसर का सीमेंटीकरण नहीं हुआ है। इसकी वजह से हर साल बारिश के चार माह में परिसर में दलदल हो जाता है। घुटनों तक कीचड़-पानी से होकर गुजरना पड़ता है। व्यापारी, ग्राहक रोज फिसलकर गिरते हैं और चोटिल हो जाते हैं। निकासी नहीं होने से बारिश का पानी जाम हो जाता है। हर दिन यहां 100 से 150 चारपहिया वाहन, 100 से अधिक बाइक और साइकिल यात्री ग्राहक पहुंचते हैं। एक हजार से अधिक लोगों की भीड़ से पानी का जमावड़ा कीचड़ में तब्दील हो जाता है जो चार माह तक रहता है।

थोक सब्जी व्यापारी संघ अध्यक्ष कैलाश यादव, रमेश चुंगानी, रामू वाधवानी, लक्ष्मण सोनकर, सत्यनारायण सोनकर, गोलू सोनकर, प्रीतम सोनकर, प्रीतराम, शिरोमणिराव घोरपड़े, बंटी वाधवानी ने बताया कि सब्जी मंडी परिसर बारिश में कीचड़ और सूखे के मौसम में धूल में तब्दील हो जाता है। परिसर में पर्याप्त शेड नहीं होने के कारण व्यापारी, ग्राहकों को धूप-बारिश में काम करना पड़ता है। बाउंड्रीवाल के अभाव में आवारा मवेशी, चोर उचक्कों का डर रहता है। सीसीटीवी कैमरा लगा है, लेकिन बंद है इसलिए दुकानों में चोरी का भय रहता है। पर्याप्त पेयजल का अभाव है।

व्यापारियों ने बताया कि इतवारी बाजार स्थित थोक सब्जी मंडी को दस साल पहले आनन-फानन में मंडी में शिफ्ट कर दिया है लेकिन सुविधाएं नहीं मिली है । बता दें कि यहां जिले के अलावा दूसरे जिलों एवं प्रदेशों से लगभग 100 टन सब्जियां पहुंचती हैं। सब्जी की आवक के चलते आटो, मेटाडोर, ट्रक, पिकअप, छोटा हाथी, बाइक, साइकिल का आवागमन दिनभर रहता है। हजार लोगों की भीड़ रहती है। सुविधाएं कुछ भी नहीं हैं। पार्किंग का अभाव है। संघ के अध्यक्ष कैलाश यादव ने कहा कि पार्किंग के बगैर ही मेन गेट में वाहनों की एंट्री वसूली की जाती है। श्री यादव ने कहा कि सब्जी मंडी परिसर में सर्वसुविधायुक्त पार्किंग की व्यवस्था की जाए।

**दस साल से नहीं मिला किराया : मंडी प्रशासन**

मंडी प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार व्यापारियों ने 17 लाख रूपए किराया जमा नहीं किया है, इसलिए मंडी प्रशासन के पास फंड की कमी हो रही है। किराया जमा करने पर सब्जी मंडी परिसर में सुविधाएं देने राशि खर्च की जा सकती है।

## ग्रामवासियों ने पेयजल, सड़क मरम्मत की मांग की



- जोगीडीह में आयोजित सुशासन तिहार में महापौर ने सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम जोगीडीह में मंगलवार को सुशासन तिहार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा थे। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ग्रामवासियों से संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। श्री रोहरा ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनकी सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा और सुशासन सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन पूरी तरह से तत्पर है। ग्रामवासियों ने पेयजल, सड़क मरम्मत, बिजली आपूर्ति और स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित समस्याएं उठाईं, जिन पर श्री रोहरा ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने की बात कही। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायत सदस्यों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

**कुर्रा में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन**

**धमतरी।** ग्राम कुर्रा में मेन रोड से स्कूल भवन तक सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ। सड़क निर्माण की अनुमानित लागत 20 लाख है, जिससे गांववासियों को बेहतर आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा ने पूजा-अर्चना कर कार्य का शुभारंभ किया।

## केंद्रीय टीम को जल जीवन मिशन की वास्तविकता से कराया जायेगा अवगत : दयाराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



गांव-गांव में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हेतु केंद्र सरकार के पीएचई विभाग द्वारा जल जीवन मिशन परियोजना अंतर्गत पानी टंकी तथा पाइपलाइन बिछाने का कार्य करोड़ों रुपए के टेंडर जारी कर किया गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता दयाराम साहू ने बताया कि

टेंडर की शर्तों के अनुसार कार्य न करते हुए क्वालिटी और गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ कर केंद्र सरकार की इस महती जनहितकारी योजनाओं पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दिया गया है। शिकायत मिलने पर केंद्रीय कैबिनेट के सचिव की अध्यक्षता में इस प्रोजेक्ट की वास्तविकता की जांच करने 100 टीम का गठन किया गया है। केंद्र के सचिव स्तर के 75 अधिकारी के साथ ही 107 डायरेक्टर राज्यों में पहुंचकर 135 जिलों की 183 परियोजनाओं की वास्तविकता से अवगत होंगे जिसमें धमतरी जिला भी शामिल हैं। इस मामले को विधानसभा में भी उठाया जा चुका है। उसके बाद भी किसी प्रकार की कोई कार्रवाई न होना इस पूरी योजना की पारदर्शिता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रहा है। आगे बताया कि आरटीआई के तहत तथ्य जुटाए जा चुके हैं। जल जीवन मिशन के अंतर्गत किए गए कार्यों के भौतिक सत्यापन के साथ ही वास्तविकताका दस्तावेजी पुलिंदा तैयार किया जा चुका है। दयाराम साहू ने आगे कहा कि उनके ही ग्राम में 80 लाख का काम बताया जाता है लेकिन धरातल पर वास्तविकता कुछ और है।

जांच किए जाने पर केंद्र सरकार के पैसे का दुरुपयोग तथा बंदरबांट किए जाने की बात सामने आएगी। जनपद सदस्य गीतेश्वरी साहू ने भी कार्रवाई की मांग की है। नगर निगम के एमआईसी सदस्य पिंटू यादव ने कहा है कि वह स्वयं कई बार ग्रामीणों की शिकायत पर ठेकेदारों को टेंडर की शर्तों के अनुरूप कार्य करने कहा था। केंद्रीय टीम से मिलने वाले प्रतिनिधि मंडल में पार्षद राजेंद्र शर्मा, पार्षद कुलेश सोनी, निरंजन साहू सहित अनेक सरपंच एवं जनप्रतिनिधिगण शामिल रहेंगे।

**नगरी ब्लाक के 41218 निवेशकों ने विभिन्न कंपनियों में 86,60,51,942 रूपए जमा किए हैं**

## निवेशकों ने रकम वापसी के लिए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



कई कंपनियों ने ब्लाक के ग्रामीणों को ज्यादा रकम देने का लालच देकर अपने जाल में फंसाया। भोले-भाले ग्रामीणों ने अपनी जमापूंजी कंपनियों में लगा दिया जब एक समयावधि के बाद रकम वापस करने की बारी आई तो कंपनियां बोरिया बिस्तर समेटकर भाग गई। नगरी ब्लाक में ही निवेशकों की संख्या 41218 है। जमा राशि 86,60,51,942 रूपए है। राशि की वापसी के लिए सुशासन तिहार में भी लोगों ने आवेदन किए लेकिन कोई कार्रवाई नहीं। भारत देश में 5 लाख से ज्यादा ठगी पीड़ित आत्महत्या कर चुके हैं फिर भी शासन प्रशासन के कान पर जूं नहीं रेंग रही। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को कई बार ज्ञापन दिये जा चुके हैं पर आवेदनों पर कहीं कोई कार्यवाही नहीं हो रही है न भुगतान किया जा रहा है जो चिंता का विषय है।

तपजप के राष्ट्रीय संयोजक संस्थापक मदनलाल अजाद के आह्वान पर 21 मई को हर जिले एवं तहसील में धरना प्रदर्शन किया गया। इसी क्रम में नगरी ब्लाक के निवशक राधेश्याम साहू, सुरेंद्र कुमा,र चंदन लाल साहू, लेख चंद बिसेन, रेखराज साहू, महेंद्र कुमार, चंद्रभान साहू, विष्णु भास्कर, चेतना बिसेन, टोमन साहू, भुनेश्वर साहू, कौशल साहू, खेमिन, सोनूराम, रूपेश साहू, प्रेमबती, मीनासिंह साहू ने महामहिम राष्ट्रपति, मुख्य न्यायाधीश प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

## शासन तैराकी प्रशिक्षण केंद्र खोले : धरम

**धमतरी।** सामाजिक कार्यकर्ता धरम सिंग साहू ने कहा कि अंचल में शासन-प्रशासन द्वारा तैराकी सेंटर का निर्माण किया जाना चाहिए जहां



क्षेत्र के युवा वर्ग तैराकी सीख सके। स्कूलों में एक घंटे की तैराकी क्लास लगाने निर्देश जारी हो। वर्तमान पीढ़ी तालाब, नदी, जलाशय, बांध, नहर में स्नान करते वक्त पानी में डूब जाती है और जीवन खत्म हो जाता है। क्योंकि वे तैराकी नहीं जानते। पहले के लोग नदी-तालाब में स्नान करते वक्त तैरान सीख जाते थे। अब घरों के बाथरूम में नहाने से यह कला लोगों को नहीं आती। कुछ जगहों पर प्राइवेट स्वीमिंग पुल में चंद लोग ही फीस जमाकर तैराकी सीखने जाते हैं।

## मैहर धाम के पीठाधीश्वर का भक्तों और स्थानीय नेताओं ने लिया आशीर्वाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

कुरूद के लिए सोमवार का दिन आध्यात्मिक उल्लास और भक्ति से भरा रहा जब मैहरधाम मध्यप्रदेश के प्रधान पीठाधीश्वर श्रीश्री दाऊजी सरकार का आगमन हरिशंकर सोनवानी के निज निवास श्याम कुंज सनसिटी कॉलोनी कुरूद में हुआ।

सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित इस दर्शन कार्यक्रम में सैकड़ों भक्तों के साथ-साथ स्थानीय नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों ने भी आदि शक्ति राजराजेश्वरी मां शारदा भवानी के भक्त दाऊजी सरकार के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम स्थल को पीले और हरे रंगों से सजाया गया था, जहां भक्ति भजनों की मधुर धुन गूंज रही थी।

भक्तों ने पीठाधीश्वर का स्वागत किया। दाऊजी सरकार ने सभी को आशीर्वाद देते हुए उनके कल्याण और समृद्धि की कामना की।

कार्यक्रम में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर, मालकराम साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, जितेंद्र चंद्राकर, शशांक कृदत्त, पन्ना चंद्राकर, जमाल रिजवी, विपिन चंद्राकर, अर्चना दिवेदी, राखी चंद्राकर, जितेंद्र नाथ योगी, पवन यादव, नोहेंद्र यादव, पप्पू शर्मा, किशोर बंजारे, मूलचंद सिन्हा ने भी श्रीदाऊ जी सरकार का आशीर्वाद लिया। इन नेताओं ने इस अवसर को सामाजिक एकता और आध्यात्मिक उत्थान का प्रतीक बताते हुए दाऊजी सरकार से क्षेत्र की समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की।

## ऑपरेशन सिंदूर : मातृशक्तियों ने वीर सैनिकों के सम्मान में निकाली मशाल रैली

**भारतीय सैनिकों का शौर्य आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा देता रहेगा : ज्योति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद




देश की सरहदों पर तैनात भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान को सलाम करते हुए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा महिला मोर्चा, महिला कमांडो एवं नगर की मातृशक्तियो द्वारा में नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर की अगुवाई में में ऐतिहासिक मशाल रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में महिलाओं और युवतियों ने भाग लिया।

बुधवार शाम को नगर में निकाली गई इस यात्रा में हाथों में मशाल और हाथों में तिरंगा थामे भाजपा महिला मोर्चा की महिलाएं व युवतियों ने भारतीय सेना के सम्मान में भारत माता की जय, वंदे मातरम्, जय हिन्द की सेना की जयघोष के साथ पूरे नगर का भ्रमण कर कारगिल चौक में वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। मशाल रैली को संबोधित करते हुए नपं अध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि जिन आतंकवादियों ने हमारे देश की 26 बहनों की मांग का सिंदूर उजाड़ दिया, उनके खिलाफ भारतीय सेना ने उनके ही घर में घुसकर जवाब दिया है। जो शौर्य भारतीय सैनिकों ने दिखाया है, वह आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा। आज हम उन वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए और आतंकवाद के खिलाफ सेना के हर कदम का समर्थन करने के लिए यहां एकत्रित हुए हैं।

इस मशाल रैली में पार्षदगण राजकुमारी ध्रुव, कविता चन्द्राकर, भूमिका सिन्हा, अनुराधा साहू, सुरेखा चन्द्राकर, चित्रलेखा टंडन, कमिथला साहू, विधा शर्मा, संगीता सेन, नर्मदा साहू, ममता साहू, रजनी साहू के अलावा महिला कमांडो एवं विभिन्न वार्ंडो के करीब 200 की संख्या में मातृशक्तियों ने हिस्सा लिया।

## बालाजी नगर के रहवासियों को दिलाई जाएंगी मूलभूत सुविधाएं



- विधायक प्रतिनिधि ने पार्षदों व कर्मचारियों के साथ किया स्थल निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

कुरूद के बालाजी नगर में रहने वाले वर्षों से रोड-नाली की मांग कर रहे हैं। विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर ने नगर पंचायत के पार्षद दल एवं कर्मचारियों के टीम के साथ स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

विधायक प्रतिनिधि ने निरीक्षण पश्चात अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर के निर्देशानुसार कालोनी के कालोनाइजर को नोटिस देने निर्देशित किया और कहा कि एक सप्ताह के भीतर ज़रूरी दस्तावेज लेकर उपलब्ध हों, नहीं तो बंधक प्लाट की नीलामी प्रकिया कर बालाजी नगर के रहवासियों के लिए रोड व नाली बनाई जायेगी। कुरूद के निवासियों के लिए मूलभूत सुविधा के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा, जल्द ही इस कॉलोनी में विकास कार्य शुरू किया जायेगा। इस अवसर पर पार्षद मिथिलेश बैस, महेन्द्र गायकवाड़, राजकुमारी ध्रुव, पार्षदगण रवि मानिकपुरी, कविता चन्द्राकर और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### बिलासपुर में हिमालय वुड बैच लीडर प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

# रेंजर लीडर्स व गाइड्स ने सीखे नए कौशल और तकनीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



भारत स्काउट्स और गाइड्स छग द्वारा आयोजित सात दिवसीय हिमालय वुड बैज गाइड विभाग लीडर ट्रेनर प्रशिक्षण शिविर आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल कोनी बिलासपुर में संपन्न हुआ। इस शिविर में धमतरी जिले से रेंजर लीडर योगिता कंवर, रेंजर लीडर दीपमाला साहू, गाइड विंग हिना भेंसेले ने भाग लिया।

शिविर में गाइड्स एवं रेंजर लीडर ने विभिन्न प्रकार की गांठें, लेसिंग, प्रार्थना, चिन्ह, सैल्यूट, नियम प्रतिज्ञा, तंबू बनाना, गजट बनाना, बिना बर्तन भोजन बनाना, अनुमान लगाना और माइक्रो टीचिंग, शिविर नियम, दैनिक कार्यक्रम, गाइड के आधार पर तत्व, सैल्यूट, मोटो, नियम प्रतिज्ञा, हाइक, ट्रैकिंग, एडवेंचर, प्राथमिक उपचार, बीपी सिक्स, रेंजर के दीक्षा संस्कार जैसे कौशल सीखे। इस शिविर में राज्य प्रशिक्षण आयुक्त सरिता पांडेय शिविर संचालक रेंजर विभाग, सहायक शिविर संचालक राधिका त्रिवेणी हैदराबाद आंध्रप्रदेश, सहायक शिविर संचालक लक्ष्मी नायक रायपुर, सहायक संचालक रोहिणी ठाकुर, गाइड विभाग की लीडर आफ कोर्स जेरमिना एक्का, अनीता तिग्गा, पुनिता केवी एस, भावना सिंग का अहम योगदान रहा।

राष्ट्रीय स्तरीय शिविर में शामिल होने के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव, कलेक्टर पदेन संरक्षक अबिनाश मिश्रा, जिला मुख्य आयुक्त चेतन हिंदूजा, जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त टीआर जगदल्ले, जिला अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद साहू, ब्लॉक अध्यक्ष धमतरी नेतू राम यादव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी धमतरी अमित तिवारी, चंद्र कुमार साहू, जिला सचिव धर्मेंद्र साहू, डीओसी स्काउट नेमलाल गंगेले, मोहित राम बनपेला,सोहन साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।

## राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर निकली जनजागरुकता रैली

- जागरूकता के लिए रंगोली, क्विज, निबंध लेखन प्रतियोगिता भी हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिले में डेंगू से बचाव और रोकथाम के लिए राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर देखें, साफ करे, ढकें, डेंगू को हराने का उपाय करें थीम पर जन जागरूकता रैली निकाली गई। नर्सिंग प्रशिक्षु छात्रों द्वारा निकाली गई इस रैली को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. यूएल कौशिक ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

इसके बाद नर्सिंग छात्रों के लिए डेंगू से संबंधित जागरूकता संबंधी रंगोली प्रतियोगिता, क्विज कॉम्पिटिशन, निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा प्रतिभागियों को पुरस्कार भी वितरण किया गया।

जिला नोडल अधिकारी डॉ. आदित्य सिन्हा ने डेंगू के लक्षण, इसके प्रभाव और गंभीर स्थिति में बचने के उपाय की बारीकी से जानकारी दी।

डेंगू के लक्षण की जानकारी देते हुए कहा कि अचानक तेज सिर दर्द, तेज बुखार, मांसपेशियों तथा जोड़ों में दर्द होना, आंखों के पीछे दर्द होना, जी मितलाना एवं उल्टी होना, गंभीर मामलों में नाक, मुंह, मसूड़ों से खून आना, त्वचा पर चकते उभरना इत्यादि है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने बताया कि डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए समुदाय की सहभागिता जरूरी है।

## खबर संक्षेप

### युक्तियुक्तकरण में दिव्यांग शिक्षकों का ध्यान रखा जाए

**धमतरी।** छग दिव्यांग अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष सीएम दीक्षित, उपाध्यक्ष आशीष शर्मा, कोषाध्यक्ष महेश साहू एवं धमतरी जिला अध्यक्ष घनश्याम सिंह साहू ने शासन-प्रशासन से युक्तियुक्तकरण में दिव्यांग शिक्षकों का विशेष ध्यान रखने की मांग की है। उनका कहना है कि विगत दिनों साय मंत्रिमंडल में दिव्यांगों के लिए नई योजना बनाई गई है। उनके परिपालन में उनके हितों का ध्यान रखा जाए जिससे अधिनियम 2016 का उल्लंघन न हो।

### तालाब में डूबने से अधेड़ की मौत

**धमतरी।** गांव के तालाब में नहाने उतरा अधेड़ पानी में डूब गया। इस घटना में अधेड़ की मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम पोटियाडीह निवासी शंकर सिन्हा पिता कार्तिक राम उम्र 55 वर्ष खेती किसानी का काम करता था। मंगलवार को अधेड़ खेत में काम करने गया था। वह दोपहर को वापस घर आया। घर से कपड़े व साबुन लेकर नहाने के लिये गांव स्थित पुसई तालाब चला गया। नहाते समय अधेड़ गहरे पानी में डूब गया। शाम तक अधेड़ के घर नहीं लौटने पर पुत्र डोमन सिन्हा तलाश करते तालाब की तरफ गया जहां उसे पानी में अधेड़ का सिर दिखा। डोमन ने अपने छोटे भाई की मदद से पिता को तालाब से बाहर निकालकर संजीवनी 108 की मदद से उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया। डाक्टर ने चेकअप के बाद अधेड़ को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।



### गुरु के अस्त होने से 8 जून के बाद मांगलिक कार्यों पर लगेगा विराम

**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद ने बताया कि इस वर्ष आषाढ़ मास में विवाह एवं अन्य शुभ कार्यों के लिए मुहूर्त नहीं है। शादी, सगाई, गृह प्रवेश एवं अन्य मांगलिक कार्य के लिए ज्येष्ठ मई माह में पांच मुहूर्त ही बचे हैं जिसमें 24, 25, 28 और 31 मई तक शुभ कार्य किया जा सकता है। जून माह में 1, 2, 4, 7, 8 जून तक ही मुहूर्त है क्योंकि 12 जून आषाढ़ मास को देवताओं का गुरू बृहस्पति अस्त होने जा रहा है। इसके बाद सगाई, विवाह, मांगलिक कार्य वर्जित रहेगा। 12 जून के बाद चातुर्मास मास प्रारंभ हो जायेगा। इस बीच किसी भी शुभ कार्य के लिए मुहूर्त नहीं है। जुलाई, अगस्त, सितम्बर, अक्टूबर माह तक कोई मांगलिक कार्य नहीं होगा। देवउठनी एकादशी से मांगलिक शुभ कार्य प्रारंभ होगा। 8 जून तक अच्छा मुहूर्त है। सभी शुभ कार्य किया जा सकता है। इसके बाद पांच माह के लिए शुभ कार्य वर्जित है। मलमास प्रारंभ हो जाता है। शास्त्रों के अनुसार गुरु ग्रह शुभता का प्रतीक है। इसके अस्त होने पर शुभ कार्य नहीं होता। यह जानकारी परिषद के मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने दी है।

#### अंचल में रेत की कमी होने लगी, बोर-नलकूप, कुआं का जलस्तर घटा

# रेत माफियाओं ने महानदी की गहराई तक खुदाई की, ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

रेत माफियाओं ने महानदी की इस कदर खुदाई कर दी है कि अब रेत का नामोंनिशान ही नहीं रह गया है। गहराई तक खुदाई करने के कारण रेत के बाद मिट्टी, मुरूम, पत्थर भी को भी नहीं छोड़ रहे हैं। 10-20 साल पहले महानदी में 20 से 30 फीट तक रेत हुआ करती थी जो अब धीरे-धीरे खत्म हो गई। रेत की परत खत्म हो गई। गहराई में मुरूम, मिट्टी मिलने लगी है उसे भी माफिया नहीं छोड़ रहे हैं। कई जगहों पर खतरनाक तरीके से अवैध खुदाई कर छोड़ दिए हैं जो ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गई है। बारिश के बाद नदी में आए उफान और जलभराव खतरे को न्योता दे रहे हैं। तटवर्ती गांवों के निर्माण कार्य के लिए रेत ही नहीं बची है।



महानदी के तटवर्ती गांव कोलियारी, करेठा, अछोटा, तेंदूकोना, अमेठी, कानीडबरी, कलारतराई, परसुली, दर्री, खरेगा, सारंगपुरी, बरारी, दोनर, देवरी आदि ऐसे गांव हैं जिसके लिए महानदी जीवनदायिनी है। अंचल के ग्रामीण ताराचंद साहू, भीखम साहू, पंचराम मरकाम, दुलेश्वर यादव, फागूराम नेताम, कुंजबिहारी साहू, मन्नू पटेल, जीवराखन नेताम का कहना है कि रेत माफियाओं ने महानदी का सीना छलनी कर दिया है। नदी में हाईटेक मशीन लगाकर अवैध खनन कर रहे हैं। प्रतिदिन एक हजार हाइवा, ट्रक ट्रेक्टर के माध्यम से लाखों की रेत बाहर जा रही है। इसका दुष्परिणाम यह है कि तटवर्ती गांव वालों को अब निर्माण कार्यों के लिए रेत की कमी महसूस हो रही है। क्षेत्र का भूमिगत जलस्त्रोत 100 से 200 फीट नीचे चला गया है। बारिश में जलस्तर बढ़ने से जलभराव की समस्या रहेगी। नदी पूरी तरह बंजर हो गई। रेत की जगह अब घास फूस, झाड़ियां, पत्थर, मिट्टी, मुरूम नजर आने लगी है।

ग्रामीणों का कहना है कि नदी में आबाद रेत होने से जल स्तर 15 से 20 फीट हुआ करता था। कहीं-कहीं 30 से 40 फीट में पानी निकल जाता था। महानदी से रेत खाली होने से क्षेत्र का जलस्तर 100 से 200 फीट नीचे चला गया है। पुराने समय का बोरवेल, कुआं फेल हो गया। खेतों की सिंचाई व पेयजल के लिए लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। तालाब सूखने के बाद निस्तारी की समस्या आती है। गांवों की सामूहिक उद्वहन सिंचाई योजना पूरी तरह फेल हो गई, जिसके माध्यम से सैकड़ों एकड़ खेतों की सिंचाई होती थी।

## भारत की सैन्य शक्ति न केवल संगठित है, बल्कि अजेय भी है



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिला अधिवक्ता संघ ने ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता पर कहा कि यह विजय न केवल सैन्य कौशल का प्रतीक है, बल्कि आतंकवाद के विरुद्ध भारत के अटूट संकल्प और निर्णायक नीति का भी स्पष्ट प्रमाण है। अध्यक्ष बीके सिन्हा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता थल सेना, वायु सेना और जल सेना के बीच अद्वितीय समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है। भारत की सैन्य शक्ति न केवल संगठित है, बल्कि अजेय भी है। सचिव सौरभ मिश्रा ने कहा कि इस ऑपरेशन के माध्यम से भारत ने अपनी वायु रक्षा प्रणाली की विश्वस्तरीय क्षमता को भी प्रमाणित किया है।

ऑपरेशन सिंदूर ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत की आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई केवल एक क्षणिक प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि एक सतत संकल्प है। आतंकवाद के विरुद्ध यह युद्ध तब तक जारी रहेगा जब तक देश के अंतिम नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो जाती।

इस अवसर पर बसंत जैन, शत्रुहन सिंह साहू, पूर्व अध्यक्ष पार्वती वाधवानी, पूर्व उपाध्यक्ष जानकी तिवारी, रवि दाते, भीखम लाल सिन्हा, अमित झा, सुनील सोलंके, गेवेंद्र पटेल, पीयूष देवांगन, अनिल गांधी, गोपी कुर्रे, हेमन्त सेन, यशवंत कौशिक सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित थे।

## तीन निःशक्तजनों को मिली बैसाखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



उपतहसील कुकरेल क्षेत्र के ग्राम सलोनी निवासी परदेशी राम विश्वकर्मा चल फिर नहीं पा रहा था। समाज कल्याण विभाग धमतरी की ओर से बैसाखी दिये जाने पर वह प्रसन्नचित नजर आए। इसी प्रकार गांव के ही दूजराम ध्रुव के बायें पैर को कुछ अज्ञात बीमारी के कारण काटना पड़ा था और वह भी चल फिर नहीं पा रहा था लेकिन उन्हें बैसाखी मिलने से अब वह भी चल पायेंगे। इसी तरह ग्राम सलोनी की ही झुनिया बाई दीवान को बैसाखी की आवश्यकता थी जिन्हें बुधवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा बैसाखी प्रदान की गई थी। ज्ञात हो कि इससे पहले ग्राम सलोनी वार्ड क्रमांक 11 की वार्ड पंच श्रीमती लक्ष्मी नागेश ने अपने पति के साथ सरकारी अस्पताल जाकर दूजराम व झुनिया बाई दोनों का विकलांग प्रमाण पत्र बनवाया था तत्पश्चात प्रमाण पत्र को लेकर बुधवार को समाज कल्याण विभाग के अधिकारी उपसंचालक डॉ मनीषा पांडे से मुलाकात कर कृत्रिम पैर दिलाने की मांग की। उप संचालक ने तत्काल करवाई करते हुए माना कैम्प रायपुर को पत्र जारी कर कृत्रिम पैर दिलाने पत्र लिखकर कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया। तीनों निःशक्तजनों को तत्काल बैसाखी की सुविधा प्रदान की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पवन कुमार प्रेमी, उपसंचालक डॉ मनीषा पांडे, श्रीमती टी नेताम, संतोष कुमार जायसवाल सब अधीक्षण सहलेखापाल उपस्थित थे।

## एनएसयूआई ने पूर्व प्रधानमंत्री को किया नमन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर एनएसयूआई ने बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव महाविद्यालय धमतरी में उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। एनएसयूआई ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में राजीव जी का योगदान अविस्मरणीय है। उनकी दूरदर्शिता, विज्ञान-प्रौद्योगिकी और युवा सशक्तिकरण की सोच आज भी हमें प्रेरणा देती है।

## राजीव गांधी नए भारत के निर्माता थे



- कांग्रेसियों ने कांग्रेस भवन में मनाई पुण्यतिथि, उनके योगदान को किया स्मरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस भवन में कार्यक्रम आयोजित करके उन्हें याद किया गया। इस दौरान उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शरद लोहाना ने कहा कि राजीव गांधी नये भारत के निर्माता थे, जिन्होंने देश में सूचना क्रांति लाकर देश को तकनीकी क्षेत्र में विश्व स्तर पर खड़ा किया है। वहीं युवाओं को मतदान का अधिकार देकर उन्हें जिम्मेदारी का अहसास कराया साथ ही पंचायती राज्य एक्ट लाकर देश के ग्रामीण क्षेत्र को सत्ता में भागीदारी का मार्ग दिखाया। विधायक ओंकार साहू ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गंधी ने स्थानीय निकायों और पंचायतों को मजबूत करने के लिए 73 और 74 वें संविधान में हुए संशोधन को तत्काल लागू करने की मांग भी उठाई थी जिससे देश विकास की ओर अग्रसर हो सके। उन्होंने बताया कि आज़ाद भारत राजीव के महत्वपूर्ण योगदान के लिए हमेशा उनका ऋणी रहेगा। इस दौरान पूर्व महापौर विजय देवांगन, वरिष्ठ नेता गोपाल प्रसाद शर्मा, मदन मोहन खंडेलवाल, जिला कोषाध्यक्ष सलीम रोकड़िया, ब्लॉक अध्यक्ष गोलछा, नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, जिला कांग्रेस सचिव विक्रांत पवार, कुशल देवांगन, बसंत देवांगन, आशुतोष खरे, देवेन्द्र देवांगन, सूरज पासवान, वीरू महाजन, नमन बंजारे, ओमप्रकाश मानिकपुरी, नवीन गजेंद्र, धर्मेंद्र पटेल, मोहन ध्रुव, रुद्र साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अभिनय और व्यक्तित्व विकास की मिली शिक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरतुली धमतरी में ग्रीष्मकालीन शिविर अंतर्गत 7 दिवसीय नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यशाला इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष एवं कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, सचिव एवं सीएमएचओ डॉ. यूएल कौशिक, डिप्टी कलेक्टर बी. एक्का, चेयरपर्सन प्राप्ति वासानी, वॉइस चेयरपर्सन शिवा प्रधान, डीइओ टीआर जगदल्ले, विद्यालय के प्राचार्य टीआर नागवंशी के मार्गदर्शन में हुई।

कार्यशाला के संयोजक रंगकर्मी आकाशगिरी गोस्वामी थे। उन्होंने प्रतिभागियों को अभिनय की मूलभूत तकनीकों, मंच शिष्टाचार, भावाभिव्यक्ति, संवाद अदायगी, समूह समन्वय और आत्मविश्लेषण जैसे महत्वपूर्ण रंगमंचीय पहलुओं का प्रशिक्षण दिया।

इस कार्यशाला को विशेष दिशा देश के प्रसिद्ध थिएटर डिज़ाइनर, निर्देशक पीएस मलतियार ने दी। उन्होंने विद्यार्थियों को थिएटर की गहराइयों से परिचित कराते हुए रचनात्मक सोच और प्रस्तुति क्षमता को निखारने की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर सरकार की विभिन्न योजनाओं आयुष्मान कार्ड, कुपोषण मुक्ति, सिकलिन का करें निदान, अंगदान महादान, जल बचाओ जीवन बचाओ, रक्तदान महादान, नशा की जड़ है, विषयों पर नुक्कड़ नाटक किया गया। प्राचार्य टीआर नागवंशी ने आभार प्रकट करते हुए ऐसा आयोजन भविष्य में भी जारी रखने की बात कही।

#### जिले में 29 मई से शुरू होगा विकसित कृषि संकल्प अभियान

# गांव-गांव पहुंचेंगे कृषि वैज्ञानिक सिखायेंगे खेती के उन्नत तरीके

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने ली अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शासन द्वारा किसानों को आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत की गई है। यह अभियान जिले में 29 मई से शुरू होगा, जो 12 जून तक चलेगा। इस दौरान कृषि वैज्ञानिक गांव-गांव पहुंचकर खेती के उन्नत तरीकों की जानकारी भी किसानों को देंगे। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इस अभियान के संबंध में कृषि एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में बताया गया कि अभियान के तहत किसानों को खरीफ मौसम के प्रमुख फसलों से संबंधित आधुनिक तकनीकों, विभिन्न सरकारी योजनाओं तथा नीतियों, किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड में सुझायी गई विभिन्न फसलों के चयन तथा संतुलित खादो के प्रयोग के लिए जागरूक एवं जानकारी दी जायेगी। साथ ही अभियान के तहत किसानों से फीडबैक लेकर उनके द्वारा किये गये



नवाचार के संबंध में वैज्ञानिक नवीन जानकारी प्राप्त करेगे एवं अनुसंधान में आवश्यक दिशा निर्धारित करेंगे। उपसंचालक कृषि मोनेश साहू ने बताया कि जिले के चारों विकासखंडों धमतरी, कुरूद, नगरी और मगरलोड में एक-एक टीम गठित की जायेगी, जो प्रतिदिन 4-5 ग्राम पंचायतों में जाकर लगभग डेढ़ हजार से अधिक किसानों के साथ वैज्ञानिक दल का सीधा संवाद किया जायेगा। टीम में आईसीएआर एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, कृषि पशुपालन उद्यानिकी मतस्य के अधिकारी, जन प्रतिनिधि, प्रगतिशील किसान, कृषि उद्यमी ,एफपीओ, एफआईजी के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

वैज्ञानिक दल द्वारा किसानों के साथ संवाद में उन्नत तकनीकों, नई किस्मों और सरकारी योजनाओं, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा, किसानों को मृदा स्वस्थ्य कार्ड में सुझाई गई विभिन्न फसलों में संतुलित खादों के प्रयोग के लिए जागरूक एवं शिक्षित, कृषि-ड्रोन प्रौद्योगिकी का प्रदर्शनः केवीके, आईसीएआर संस्थान और इफको, कृषि में ड्रोन प्रौद्योगिकी का उपयोग पर प्रदर्शन किसानो के बीच जागरूक पैदा करने के लिए आई.सी.टी. का उपयोग, धान की सीधी बुआई (डी.एस.आर), सोयाबीन की फसल में मशीनीकरण जैसी अन्य उन्नत फसल तकनीकों का प्रसार, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, बीज उर्वरक दिलाये जाने के संबंध में चर्चा की जायेगी।

## मुजगहन में नई आंगनबाड़ी खुली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम पंचायत मुजगहन में नए आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 4 का शुभारंभ हुआ। मौके पर जिपं सदस्य धनेश्वरी साहू, जनपद सदस्य कीर्तन मीनपाल, सरपंच होमेश्वर साहू, उपसरपंच जतीन साहू, पंच गोविन्द नगारची, लीलेश्वर साहू, यशोदा सिन्हा, अनीता साहू, लीलेश्वरी ध्रुव, नूतेश्वरी साहू, कुमारी बाई, शकुंलता साहू, महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर उषाकिरण चन्द्राकर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अंजु गंगबेर, कविता ध्रुव, दिनेश्वरी ध्रुव, ग्राम पटेल भुवनलाल साहू, रामायणलाल साहू, ओमप्रकाश साहू, गोपीराम साहू मौजूद थे। भवन बनने तक नई आंगनबाड़ी झिरिया साहू समाज भवन में संचालित होगी।




#### पखवाड़ेभर से 6 से 7 हजार कट्टा धान की आवक, ई-ऑक्सन से 5677 कट्टा धान की बिक्री हुई

# मंडी में धान की आवक बढ़ी, हमाल-रेजा को मिला भरपूर काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

श्यामतराई कृषि उपज मंडी में रबी फसल धान की आवक बढ़ गई है। पिछले पखवाड़े भर से 6 से 7 हजार कट्टा धान की आवक हो रही है। किसानों को अधिकतम 2100 का भाव मिल रहा है। मंडी में कार्यरत मजदूर, हमाल, रेजा को भी भरपूर काम मिल रहा है।

मंडी से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को 7255 कट्टा धान की आवक रही, जिसमें ओमश्री को 2090 रूपये प्रति क्विंटल का भाव मिला। गोल्डन सांभा को 2070 तथा आईआर 64 को 1830 का भाव मिला। बुधवार को सूर्या राइस मिल ने 417 कट्टा, अरूणोदय ने 589 कट्टा, खंडेलवाल एग्रो ने 572 कट्टा धान की खरीदी की। ई-ऑक्सन के माध्यम से 5677 कट्टा धान की बिक्री हुई। खरीदी करने बड़ी संख्या में व्यापारियों का आना प्रारंभ हो गया है।



कृषक जगतूराम, खूबलाल साहू, मनोज ध्रुव ने बताया कि रबी का धान तीव्र गति से मंडी आना प्रारंभ हो गया है। अंचल में अभी कटाई, मिंजाई चल रही है। किसान खरीफ की तैयारी के लिए रबी का धान बेच रहे हैं। वर्तमान में मंडी में किसानों को अच्छा रेट मिल रहा है। चूंकि धमतरी मंडी की गिनती प्रदेश की गिनी चुनी बड़ी मंडियों में होती है इसलिए यहां दूसरे जिलों का धान भी पहुंचता है।

विदित हो कि धान की फसल इस बार सीमित रकबे में लगाई गई थी। प्रशासनिक आंकड़े के मुताबिक 20 से 21 हजार हेक्टेयर में धान की फसल लगी थी। शेष जमीन में दलहन, तिलहन की बुआई की गई थी। धान की कटाई के बाद कृषक सीधे मंडी ला रहे हैं। मंडी में जून-जुलाई तक धान की आवक रहती है। इस वर्ष शुरूआती दौर में ही धान का अच्छा रेट मिल रहा है।

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज